# फारूक हत्याकांड में पत्नी सहित तीन पर शिकंजा

## रामपुर आशा के जंगल में मिली लाश की शिनाख्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** बीती देर शाम रामपुर आशा के जंगल में मिली गोली लगी लाश की शिनाख्त हो गई है। मृतक के परिजनों ने मौहल्ले के ही दो युवकों पर हत्या का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ नामजद तहरीर दी है। इस मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी पर भी शिकंजा कसा है। आरोप है कि अवैध संबंधों में रूकावट बनने पर यह हत्या की गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार बीती देर शाम राहगीरों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई थी कि रामपुर आशा के जंगल में फायरिंग की आवाज सुनाई दी है। सूचना पर तुरंत पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया, तो वहां पर गोली लगा अज्ञात युवक की लाश पड़ी मिली। मृतक को गोलियों से भूना गया था। पुलिस ने रात में लाश की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, तो उसे कामयाबी मिल गई। मृतक की शिनाख्त मौहम्मद फारूक पुत्र हसीनुद्दीन निवासी मौहल्ला ढोलकियान, किरतपुर के रूप में हुई। पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों को सूचना दी गई। हत्या की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। मृतक के बड़े भाई नईम अहमद पुत्र हसीनुद्दीन ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उनके छोटे भाई मौहम्मद फारूक को मौहल्ले के ही मेहरबान पुत्र अहसान व उमर पुत्र जुल्फिकार अपनी मोटरसाइकिल से घूमने के बहाने ले गए थे। मेरा भाई देर रात तक घर नहीं पहुंचा, तो हम उसकी तलाश कर रहे थे। इस दौरान उन्हें पुलिस से सूचना मिली कि फारूक की लाश जंगल में पड़ी है। उसे गोलियां मारी गई है। मृतक के भाई ने आरोप लगाया कि उनके भाई को मौहल्ले के ही मेहरबान पुत्र अहसान व उमर पुत्र जुल्फिकार ने ही गोली मार कर हत्या की है। इस मामले में पुलिस ने नामजद दोनों आरोपियों सहित मृतक की गैरजनपद निवासी पत्नी को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। सूत्रों का कहना है कि अवैध संबंधों में रूकावट बनने पर उसकी हत्या की गई है। पुलिस सबूत इकट्ठा कर रही है। सूत्रों का कहना है कि जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।

# आतंकी हमले के विरोध में कैंडल मार्च

## सर्व समाज के रिक्शा चालकों ने शहीद पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** रिक्शा यूनियन द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों की याद में विरोध प्रदर्शन करते हुए कैंडल मार्च निकाला, जिसमें सर्व समाज के सैकड़ों रिक्शा चालको ने अपनी संवेदना व्यक्त की।

मंगलवार की देर शाम रिक्शा यूनियन के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते हुए कैंडल मार्च निकाला जिसमें क्षेत्र व कस्बे के सैकड़ों रिक्शा चालकों सहित सर्व समाज के लोगों ने भी हिस्सा लिया।

कैंडल मार्च रिक्शा यूनियन के संरक्षक मौ. अजमल उमर व यूनियन के अध्यक्ष मोईन अहमद के नेतृत्व में निकाला गया। जिसमें यूनियन के महामंत्री जगदीश चौहान, सचिव अफजल कुरैशी, नाजिम, सलमान, अब्दुल वाहिद, सुरेंद्र कुमार, क्षत्रपाल सिंह आदि ने मशाल हाथों में लेकर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए अपना विरोध दर्ज किया। जिसमें रिक्शा चालकों द्वारा हिन्दू मुस्लिम एकता देखने को मिली। सर्व समाज के लोगों ने भी चढ़ बढ़ कर हिस्सा लिया।

कैंडल मार्च मेन बस स्टैंड से शुरू होकर थाने के सामने समाप्त हुआ जहां सभी लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। कार्यक्रम में आयोजक रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष मोईन अहमद, महामंत्री जगदीश चौहान, सचिव अफजाल कुरैशी, छत्रपाल सिंह, सुरेंद्र कुमार, अब्दुल वाहिद, नाजिम अहमद, सलमान, शकील अहमद इनामपुरा, शरीफ, सूफी, मूला मुकीम, महफूज, महबूब, साजिद, ओमपाल, शहजाद सिद्दीकी, विपुल गुप्ता, बिलाल सिद्दीकी, शौकीन, इमरान, आसिफ, राकेश, आदि सैकड़ी की संख्या में रिक्शा चालक व स्थानीय लोग शामिल हुए सभी ने आतंकी हमले की कड़ी निंदा की ओर सभी पर्यटकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई साथ ही सरकार से आतंकवाद के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# थानों में विकलांगों व गरीबों की सुनवाई नहीं : एमआर पाशा



## धरना-प्रदर्शन की दी चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय विकलांग एसो. के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने कहा कि जनपद के थानों में विकलांगों व गरीबों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो वह आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

प्राप्त समाचार के अनुसार राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के अध्यक्ष एमआर पाशा मौजूदा पुलिस व्यवस्था से दुखी व गुस्से में हैं। उनका कहना है कि थानों में गरीबों व विकलांगों की सुनवाई नहीं हो रही है। सिर्फ पैसे वालों व प्रभावशाली लोगों को ही थानों में सम्मान मिलता है। पीड़ित गरीबों व विकलांगों की थानों में संवेदनशीलता के साथ न तो सुनवाई की जाती है और न ही रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्तों को जेल भेजा जाता है। उनके प्रार्थना पत्रों को रद्दी की टोकरी में डाल दिया जाता है। गरीब व बेसहारा वर्ग के पीड़ितों के पास न तो इतने पैसे होते हैं कि वह रिश्वत देकर अपना काम करा सकें और न ही इतनी ताकत होती है कि वह पूजीपति माफियाओं से टकरा सकें। उन्होंने कहा कि आज विकलांग व गरीब वर्ग के लोग जनपद में सबसे ज्यादा परेशान है। उन्होंने कहा कि पीड़ित जब उनके पास आकर अपना दर्द बयां करते है, तो अहसास होता है कि थानों में क्या गुल खिलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति को वह बर्दाश्त नहीं करेंगे। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को इसका संज्ञान लेना चाहिए और थानों का माहौल ठीक किया जाना चाहिए। भ्रष्टों को थानों से हटाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं होता है, तो वह धरना प्रदर्शन करने से पीछे नहीं हटेंगे। गरीबों को साथ लेकर सड़कों पर उतरेंगे।

# निर्माणाधीन सेतु के गाटर रखते समय गिरकर टूटे

## घटिया सामग्री लगाने का आरोप





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** कस्बे में निर्माणधीन सेतु के गाटर रखते समय गाटर टूट गया, जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। पुल निर्माण में कार्य करने वाले लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई। मौके पर एसडीएम नगीना, तहसीलदार नगीना सीओ नगीना व थाना प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ पहुंच गए।

खटीमा-पानीपत हाईवे पर कस्बा कोतवाली देहात में सेतु निर्माण कार्य किया जा रहा है। शाम लगभग 8:00 बजे मजदूर जेसीबी मशीन से बिजनौर रोड बिजलीघर के सामने पीलरों पर गाटर रखने का कार्य कर रहे थे। गाटर रखते समय दो गाटर बीच में से तीन हिस्से में टूट गए। गनीमत रही कार्य कर रहे मजदूर गाटर के नीचे दबने से बच गए और बड़ा हादसा होने टल गया।

ग्रामीणों का कहना है कि सेतु निर्माण में मानकों के अनुसार सामग्री नहीं लगाई जा रही है, जिसके कारण गाटर टूट गया। राष्ट्रीय लोक दल युवा के जिला अध्यक्ष इमरान कुरैशी का कहना है कि इससे पूर्व भी एक स्प्रिंग टूट गया था जिसको कई बार कहने के बाद ठेकेदार ने बदलवाया था। पुल निर्माण में प्रयोग की जा रही सामग्री मानकों के अनुरूप नहीं है तथा उसकी जांच करने की मांग की।

घटना की सूचना पर एसडीएम नगीना आशुतोष राम प्यारे, तहसीलदार नगीना, सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी व थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सोलंकी ने घटनास्थल का मुआयना किया।

## एक नजर

### गीता सहित सात गिरफ्तार

**बिजनौर।** जनपद में चलाए गए विशेष अभियान में विभिन्न न्यायालयों के आदेशों पर सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में कोतवाली शहर के ग्राम गंज के सतपाल व हरपाल पुत्रगण बल्लू थाना मण्डावली के ग्राम सिकरोड़ा की गीता पत्नी मोनू व कल्लन पुत्र सगवा, कस्बा साहनपुर का देवेन्द्र उर्फ छोटू पुत्र धर्मपाल व नवनीत कुमार कर्णवाल पुत्र कुंवरसैन कर्णवाल एवं थाना बढ़ापुर के ग्राम मदपुरी का यशपाल पुत्र करनैल सिंह शामिल है।

### नहटौर में किशोर को पकड़ा

**बिजनौर।** थाना नहटौर में 24 अप्रैल को वादिनी ने तहरीर दी थी कि एक किशोर के द्वारा उसकी नाबालिग बेटी के साथ मारपीट करते हुए रेप किया गया। नहटौर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने किशोर को पकड़ लिया है।

### अलीगढ़ का सौरभ गिरफ्तार

**बिजनौर।** वादी ने 23 अप्रैल को थाना नगीना में तहरीर दी थी कि उसकी नाबालिग भांजी घर से बाजार के लिए गई थी। लेकिन वापस घर लौट कर नहीं आई। इस संबंध में नगीना पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचना के दौरान अभियोग में अभियुक्त सौरभ उर्फ बिट्टू पुत्र राजेश निवासी मौहल्ला मोहन नगर, कस्बा व थाना इगलास, जनपद अलीगढ़ का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने अपहृत किशोरी को बरामद कर लिया। साथ ही अभियोग में धारा 17/18 पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की गई। पुलिस ने अभियुक्त सौरभ को गिरफ्तार कर लिया।

### भावना हत्याकांड में शैली अरेस्ट

**बिजनौर।** कोतवाली देहात पुलिस ने ग्राम करौंदा चौधर निवासी भावना शर्मा पुत्री वेदप्रकाश शर्मा की 20 अप्रैल को सरेआम ग्राम के ही निवासी शिवांग त्यागी पुत्र सुशील त्यागी के द्वारा गोली मारकर हत्या करने के मामले में अभियुक्त की मां शैली त्यागी को भी गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में मृतका के पिता वेदप्रकाश शर्मा के द्वारा शिवांग त्यागी, उससे पिता सुशील त्यागी पुत्र शिवदयाल त्यागी, शैली त्यागी पत्नी सुशील त्यागी निवासीगण ग्राम करौधा चौधर एवं नितिन त्यागी निवासी रूहाना मिल, जनपद मुजफ्फरनगर के विरूद्ध गंभीर धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस इस मामले में मुख्य अभियुक्त शिवांग त्यागी एवं उसके पिता सुशील त्यागी सहित हत्या के लिए तमंचा देने वाले शादाब त्यागी पुत्र कल्लन त्यागी को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

### मण्डावर में अरशद अरेस्ट

**बिजनौर।** मण्डावर पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेट फार्म पर आपत्ति. जनक स्टोरी लगाने वाले ग्राम रायपुर बेरीसाल निवासी मौहम्मद अरशद पुत्र मौहम्मद शरीफ को गिरफ्तार कर लिया है। उसके द्वारा फेसबुक अकाउंट के माध्यम से आपत्तिजनक स्टोरी लगा कर उसे वायरल किया गया था। पुलिस ने धारा 299 बीएनएस एवं 67 आईटीएक्ट में अभियोग पंजीकृत किया था।

# विहिप व बजरंग दल ने आतंकी हमले के विरोध में किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** विहिप व बजरंग दल साहनपुर खंड के कार्यकर्ताओं ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा 26 लोगों की क्रूरता से हत्या करने के विरोध में श्री बालाजी मंदिर निकट श्री गुलशन प्रजापति जी के निवास पर एकत्र होने के बाद विरोध प्रदर्शन करते हुए साहनपुर मेन चौराहे पर आतंकवाद व पाकिस्तान का पुतला फूंक कर अपना विरोध दर्ज किया। पुतला फूंकने के बाद पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाएं।

प्रदर्शनकारियों ने दोषियों के खिलाफ तत्काल जवाबी कार्यवाही की मांग की। मृतक तीर्थ यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हिंदुओं के साथ अत्याचार बंद कराने व इसका करारा जवाब दिया जाने की मांग की। इस मौके पर कृष्णा प्रजापति खण्ड मंत्री बजरंग दल, मनीष प्रजापति प्रखंड विद्यार्थी प्रमुख बजरंग दल, संदीप प्रजापति खंड संयोजक, आशीष कुमार प्रजापति (बजरंग दल कार्यकर्ता) मयंक नाथ खंड सह संयोजक बजरंग दल, अजय (पंडित), अकुल नाथ, सूरज, पीयूष प्रजापति, गजेंद्र प्रजापति, मनोज राजपूत, अरूण राजपूत, रविन्द्र काकरान, गुलशन प्रजापति, कृष्णा (गोलू), ऋतिक, सोंटी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायतों में फॉगिंग कराने की मांग

**नजीबाबाद।** आदर्शनगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजी एक शिकायत में अवगतकराया है कि नजीबाबाद के ब्लॉक क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में तेजी से मच्छर फैल रहे है। मच्छरों की रोकथाम के लिए अभी तक संबंधित विभाग द्वारा फोगिंग कार्य नहीं कराया गया है। जिस कारण डेंगू व मलेरिया की आशंका बनी हुई है। इसके अलावा कई गांवों में नालियों की व्यापक रूप से सफाई न होने के कारण गंदा पानी नालियों पर कई-कई दिन तक भरा रहता है। ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में तेजी से फैल रहे मच्छरों की रोकथाम के लिए फोगिंग कार्य शुरू कराया जाना जरूरी है।

# बंदर के हमले में बालक घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**


**अफजलगढ़।** घर के आंगन में खेल रहे डेढ़ वर्षीय बालक पर बंदर ने हमला कर घायल कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कादराबाद निवासी मनोज राघव का डेढ़ वर्षीय पुत्र प्रियांशु अपने घर के आंगन में खेल रहा था। अचानक बंदर ने बालक पर हमला कर घायल कर दिया। बालक की चीख पुकार सुनकर परिजनों ने बंदर को भगाया तथा बालक को लाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। गौरतलब है कि क्षेत्र में बंदरों एवं कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा

# पहलगाम कांड के विरोध में बिजनौर में अभूतपूर्व बंद

## पूरी तरह से बंद रहा बाजार, सड़कों पर सन्नाटा, फूंका पुतला














**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पहलगाम में पर्यटकों की हत्या के विरोध में आज जनपद मुख्यालय पर बंद पूरी तरह से सफल रहा। सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा। शाम तक बाजार नहीं खुले। हालांकि जनपद के अन्य स्थानों पर बाजार पूरी तरह से खुले रहे और जिंदगी आम दिनों की तरह गुजरी।

प्राप्त समाचार के अनुसार पहलगाम में आतंकवादियों के द्वारा पर्यटकों की गई हत्या के विरोध में आज जनपद मुख्यालय पर बंद पूरी तरह से सफल रहा। व्यापारियों से लेकर स्कूल संचालकों एवं विभिन्न यूनियनों ने इसमें पूरा सहयोग किया। सुबह से ही बाजार नहीं खुले। काफी स्कूल व कॉलेज भी बंद रहे। ई-रिक्शाएं भी नहीं चली। जिसकी वजह से सड़कों पर सन्नाटा साफ दिखाई दे रहा था। जाति व धर्म से ऊपर उठकर सभी ने इस बंद में सहयोग किया। बंद को सफल बनाने में सबसे बड़ा सहयोग व्यापारियों का रहा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के द्वारा स्थानीय पोस्ट ऑफिस चौराहे पर धरना देते हुए पहलगाम में हमले के विरोध में प्रदर्शन किया गया। व्यापारियों ने नारेबाजी करते हुए पूरी एकजुटता दिखाई। प्रदर्शन में वरिष्ठ व्यापारी नेता मनोज कुच्छल, मुनीष त्यागी, गुलाम साबिर, विनय चौधरी, सचिन राजपूत, के के अग्रवाल, गजेन्द्र चौहान, दीपक अरोड़ा, मानव सचदेवा, मनीष सलूजा, पवन शर्मा, पीयूष मित्तल आदि का पूरा सहयोग रहा। व्यापार मण्डल के प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने बंद को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। भाजपाईयों के द्वारा भी प्रदर्शन करते हुए बंद को सफल बनाने में एकजुटता दिखाई गई। इस दौरान पुतला भी फूंका गया।

दूसरी तरफ भारत बंद के आह्वान के चलते ई-रिक्शाओं से लेकर प्राइवेट बसें भी नहीं चली। जिसकी वजह से यात्री परेशान रहे। उन्हें अन्य वाहनों से सफर करना पड़ा। बंद की वजह से होटल भी नहीं खुले।

दिन में होटल न खुलने की वजह से भोजन के लिए बाहर से आए यात्री एवं अन्य नागरिक परेशान रहे। बाबा प्लाजा भी पूरी तरह से बंद रहा। शाम को होटल खुल गए। जिसकी वजह से जरूर नागरिकों को राहत मिली। कुछ डॉक्टरों एवं मेडिकल स्टोर संचालकों ने भी दिन में अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। डॉ.जमीरूद्दीन उस्मानी व उनके सहयोगियों ने अपने क्लीनिक व मेडिकल स्टोर बंद रख कर प्रदर्शन किया।

# शहबाजपुर में किशोरी की मौत

## परिवार में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** देर शाम छत पर जा रही किशोर का जिने की पेड़ी पर चढ़ने के दौरान पैर फिसल गया। नीचे गिरने से किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन किशोरी को गंभीर हालत में बिजनौर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम शहबाजपुर निवासी मुकेश कुमार की 12 वर्षीय पुत्री माही सोमवार की देर शाम किसी काम से अपने घर की छत पर जा रही थी। छत पर जाते समय किशोरी का जिने की पेड़ी से पैर फिसल गया। जिससे वह जिने की पेड़ियों से रपट कर नीचे गिर गई। वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन द्वारा उसे घायल अवस्था में बिजनौर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। किशोरी की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# सब्जी व फल मण्डी बंद रहने से परेशानी

## हाजी जावेद राईन ने की निंदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पहलगाम में पर्यटकों की हत्या के विरोध में आज सब्जी व फल मंडी भी पूरी तरह से बंद रही। जिसकी वजह से नागरिक सब्जियों व फलों की खरीदारी नहीं कर पाए।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज बिजनौर बंद का आह्वान किया गया था। जिसमें सब्जी व फल मंडी यूनियन ने भी पूरा सहयोग किया। सब्जी व फल विक्रेता यूनियन के अध्यक्ष दिलशाद अंसारी ने बंद में सहयोग का आह्वान किया था। उनके आह्वान का असर साफ दिखाई दिया। मण्डी पूरी तरह से बंद रही। जनपद मुख्यालय पर विभिन्न स्थानों पर लगने वाली सब्जी व फलों की दुकानें भी बंद रही। सब्जी व फलों के ठेले भी सड़कों पर दिखाई नहीं दिए। व्यापारी नेता जावेद राईन ने इस कांड की निंदा की है। उन्होंने कहा कि बेगुनाहों की जान लेना सबसे बड़ा पाप है। उन्होंने कहा कि हिंसा का रास्ता अच्छा नहीं होता है। प्रदर्शन में हाजी फरीद, हाजी रईस, हाजी वसीम, हाजी इफ्तखार, गफ्फार अहमद, वक्कार अहमद आसिफ उर्फ वकील, वसीम अहमद, शमीम, मुस्तकीम अहमद आदि शामिल थे।



# पहलगाम में पर्यटकों की हत्या की निंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंदक।** व्यापारियों ने बाजार बंद कर के जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों की हत्या की घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए चन्दक चौराहे पर पाकिस्तान के विरूद्ध नारेबाजी करते हुए व्यापारियों ने आतंकवादियों की यह घटना शर्मनाम बताई, जिसमें व्यापारियों ने कहा कि जैसे हमारे 28 पर्यटकों की हत्या की वैसे ही हमारी सरकार को मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए, जो आने वाले समय में ऐसी नापाक हरकत न हो। व्यापारियों में विक्की अग्रवाल, संजय राजपूत, दिनेश अग्रवाल, विक्की, सन्जू, रफीक, रोहित, अनुज, केशर, पंकज, अनिल राजपूत, संदीप, विकास, मिथुन, विकुल आदि मौजूद थे।



## एक नजर

### आसपा ने निकाला कैंडल मार्च




**धामपुर।** आसपा कार्यकर्ताओं ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में नगर में कैंडल मार्च निकाला। साथ ही मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। आजाद समाज पार्टी कार्यकर्ता नेताजी सुभाष तिराहे पर एकत्रित हुए। कार्यकर्ताओं ने हाथों में मोमबत्ती लेकर नगर के मुख्य मार्गो पर शांति मार्च निकाला। कार्यकर्ताओं ने शहीद भगत सिंह चौक पर कैंडल लगाकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। नगराध्यक्ष अजहर जर्राह ने भारत सरकार से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह, विधानसभा अध्यक्ष संजय कुमार, मनोज कुमार, रिहान शम्शी, वसीम अब्बासी, सलमान अहमद आदि रहे।

### नगीना में पुलिस का फ्लैग मार्च



**नगीना।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पुलिस प्रशासन सुरक्षा के लिहाज से अलर्ट मोड पर है। इस बीच नगर में पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च कर शांति बनाए रखने का संदेश दिया जा रहा है। एसपी अभिषेक झा के निर्देश पर नगीना में पुलिस ने बाजार में फ्लैग मार्च किया। इसमें थाना प्रभारी तेजपाल सिंह सहित पुलिस जवान शामिल हुए। सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि संदिग्ध व्यक्तियों को लेकर जांच-पड़ताल के साथ नियमित निगरानी की जा रही है। वहीं, सोशल मीडिया पर भी पुलिस की साइबर सेल टीम निगरानी रखे हुए है। ऐसे में आमजन से अपील है कि न तो किसी तरह की भ्रामक पोस्ट करें और न ही इस तरह की पोस्ट पर ध्यान दें। शांति व्यवस्था बनाए रखने में आमजन पुलिस का सहयोग करें।

### सेवानिवृत्त फौजी की उपचार के दौरान मौत

**हल्दौर।** गांव सुमालखेड़ी निवासी यशपाल सिंह उम्र करीब 52 वर्ष पुत्र होरी सिंह सेवानिवृत्त फौजी ने बिजनौर में मकान बना रखा है। ग्रामीणों के अनुसार रविवार को वह अपने खेत पर सांझे के नलकूप पर पानी दे रहा था। इसी दौरान उसके परिवार का भतीजा राहुल, हरदीप पुत्रगण आंनदपाल व पौत्र हरदीप का पुत्र दिव्यांशु मौके पर पहुंचे। उन्होंने खेत में यशपाल सिंह को पानी देने से मना किया। आरोप है कि विरोध करने पर परिवार के तीनों आरोपियों ने यशपाल सिंह को लाठी डंडे से बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए बिजनौर ले गए। गंभीर हालत में चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। परिजनों ने तीनों आरोपियों के खिलाफ जानलेवा मामले में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। ऋषिकेश के एक अस्पताल में सोमवार को उपचार के दौरान मौत हो गई।

# मां के साथ घास काटने गई किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** अपनी मां के साथ घास काटने गई एक किशोरी के साथ एक किशोर ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया। जिससे उसके शरीर पर चोट आ गई। शोर मचाने पर आरोपी किशोर को ग्रामीणों ने दबोचकर उसकी धोलपूजा कर दी। मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम निवासी एक महिला जंगल घास काटने के लिए गई थी। उसके साथ उसकी 13 वर्षीय पुत्री भी थी। आरोप है कि ग्राम के ही एक किशोर ने उसे अकेला देखकर दबोच लिया और दुष्कर्म करने का प्रयास किया। जिसमें वह मामूली रूप से घायल भी हो गयी। शोर मचाने पर आसपास काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और उसकी जमकर धोलपूजा की। पीड़ित महिला ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर सौंप दी। पुलिस ने किशोरी का मेडिकल कराकर कार्रवाई शुरू कर रिपोर्ट दर्ज की।

थाना प्रभारी धीरज नागर ने बताया कि आरोपी बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है।

## आतंक का पर्याय बने बंदर पकड़े

**किरतपुर।** नगर में बंदरों का आतंक बढ़ता ही जा रहा था। जिसकी शिकायत नगरवासियों द्वारा काफी समय से पालिका में की का रही थी। जिसका संज्ञान लेते हुए चेयरमैन अब्दुल मन्नान व अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता ने फर्म द्वारा बंदरों के पकड़वाने का काम कराया गया, जिससे नागरिकों ने राहत की सांस ली। चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने कहा कि नगर वासियों को कोई भी परेशानी नहीं आने दी जाएगी। वो हमेशा नगर का ख्याल रखते है और कस्बे में रहने वाले सभी नागरिक उनके परिवार की तरह है। उन्होंने कहा कि उत्पाती बंदरों को सुरक्षित स्थान पर छुड़वाया जा रहा है। बंदर पकड़ने वाली टीम ने नगर के मौहल्ले हसनपुरा, कोटला व वलीपुरा से बंदरों को पकड़ते हुए उनको नगर से दूर जंगल मैं सुरक्षित स्थान पर ले जाकर छोड़ दिए गये।

## विद्युत हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर गिरने से मुर्गी फार्म में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** मुर्गी फार्म पर विद्युत हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर गिर गया। जिससे हजारों की संख्या में मुर्गी बच्चा (चूजा) सहित मुर्गी फार्म जलकर राख हो गया। फार्म स्वामी ने ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखकर मुआवजा दिए जाने की मांग की है। क्षेत्र में अग्निशमन केंद्र न होने के कारण आग लगने से लाखों को नुकसान होता है।

अफजलगढ़ ब्लॉक क्षेत्र में अग्निशमन केंद्र न होने का कारण नगर सहित आस-पास के गांवों के लोगों को प्रतिवर्ष आग लगने के कारण भारी नुकसान उठाना पड़ता है। जब तक धामपुर व नगीना आदि से दमकल वाहन घटनास्थल पर पहुंचते हैं। तक सब कुछ जलकर राख हो जाता है। क्षेत्र में हर वर्ष अग्निशमन केंद्र के अभाव में लाखों रुपए का नुकसान होता है।

नगरवासी बताते हैं कि क्षेत्र में कहीं भी आग लगने पर ग्रामीणों को स्वयं अपने स्तर से आग बुझाने का कार्य करते हैं । तब तक सब कुछ खत्म हो जाता है। ग्रामीणों ने समय-समय पर जनप्रतिनिधियों व स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों से अग्निशमन केंद्र की स्थापना की मांग करते आ रहे हैं। परंतु जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों को जनता के जान माल के नुकसान की कोई चिंता नहीं है। नगर निवासी जीशान अहमद पुत्र मौहम्मद इरफान ने ऊर्जा मंत्री को लिखे पत्र में बताया कि मौजा बहादुरपुर द्वारकेश शुगर मिल राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप उसका मुर्गी फार्म है, जो उसके परिवार की जीविका का एकमात्र साधन है। उसके मुर्गी फार्म के ऊपर से 11000 वोल्ट की हाईटेंशन विद्युत लाइन गुजर रही है। मंगलवार की प्रातः विद्युत हाई टेंशन लाइन का तार टूटकर उसके मुर्गी फार्म पर गिर गया। जिससे उसके मुर्गी फार्म में आग लग गई। जिसमें करीब तीन हजार मुर्गी का बच्चा (चूजा) मुर्गी बच्चा दाना, दवाइयां, जनरेटर, इनवर्टर बेंटरें, सोलर प्लांट, खाना, पानी के पोर्ट आदि सब कुछ सामान देखते ही देखते जलकर राख हो गया। पीड़ित जीशान अहमद ने ऊर्जा मंत्री से मुआवजे की मांग की है।

## ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर खाई में घुसी, छह घायल

**नहटौर।** झालू की ओर से लकड़ी भरकर एक ट्रैक्टर ट्राली नहटौर आ रही थी। मंगलवार को गांव मेहरपुर के सामने अचानक ट्रैक्टर के पहिए का एक्सिल टूटने के कारण ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा घुसा। जिसमें ट्रैक्टर ट्रॉली पर बैठे कोतवाली शहर क्षेत्र के गांव मुबारकपुर तालम के अबरार पुत्र हनीफ, जाकिर पुत्र साकिर, इमरान पुत्र रुदबा और आरिस पुत्र यूनुस, खुर्शीद पुत्र तस्लीम को सीएचसी में भर्ती कराया जबकि वसीम को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। राहगीरों ने मदद करते हुए एंबुलेंस के जरिए घायलो को सीएचसी में भर्ती कराया।



# जनपद को प्राकृतिक खेती के लिए 10 क्लस्टर बनाने का लक्ष्य मिला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उप कृषि निदेशक गिरीश चन्द्र ने जानकारी देते हुए बताया कि नेचुरल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना वर्ष 2025-26 में कृषकों को प्राकृतिक खेती के लिए जागरूक करने के लिए जनपद के 16 ग्रामों में 10 क्लस्टर बनाये गये है।

उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती के लिए चयनित 16 ग्रामों में 24 अप्रैल से 26 अप्रैल 2025 तक प्राकृतिक खेती जागरूकता अभियान के अन्तर्गत कृषि गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों, ग्राम प्रधान एवं ग्राम में चयनित कृषक सखी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

उन्होंने बताया कि कृषि गोष्ठी में मुख्य रूप से नेचुरल फार्मिंग के विषय में विस्तृत रूप से प्राविधिक सहायक, सहायक विकास अधिकारी कृषि एवं विषय वस्तु विशेषज्ञ के द्वारा जानकारी दी गयी। सर्वप्रथम प्राविधिक सहायक द्वारा गोष्ठी में उपस्थित कृषकों को प्राकृतिक खेती के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-बी. (विषय वस्तु विशेषज्ञ) द्वारा गोष्ठी में आये किसान भाईयों को अवगत कराया गया कि रासायनिक उर्वरकों के अन्धाधुंध प्रयोग से खेती की उर्वरा क्षमता कम होती जा रही है, वहीं एकतरफ उत्पादन कम प्राप्त हो रहा है एवं फसल में अधिक लागत लगती है। प्रकृति द्वारा दिये गये संसाधनों से खेती करने से कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त होता है। सभी कृषक भाइयों से अपेक्षा है कि आप कम से कम एक गाय रखें ताकि आप स्वयं ही जैविक खाद का उत्पादन प्राप्त कर, अपनी खेती में जैविक खाद का उपयोग करे।

**न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) बिजनौर**

ओएम वाद सं. 113/2024

होशराम बनाम सावित्री देवी आदि

होशराम पुत्र स्व. रहुआ निवासी ग्राम किशनपुर भोगन, पोस्ट कुम्हारपुरा, परगना नहटौर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर

**बनाम**

1- सावित्री देवी पत्नी होशराम, 2- कु. रागनी, 3- उमेश कुमार, 4- प्रतीक कुमार पुत्री एवं पुत्रगण स्व. अरूण कुमार नाबालिगान बविलायत दादी हकीकी सावित्री देवी विपक्षी नम्बर 1 निवागण ग्राम किशनपुर भोगन, पोस्ट कुम्हारपुरा, पर. नहटौर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर

**प्रतिपक्षी**

चूंकि उपरिनामांकित से इस बअदालत से यह आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 02.05.2025 को दस बजे पूर्वान्ह में स्वयं या समयक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा।

नियत दिनांक:- 02.05.2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज जू.डि.**
**बिजनौर**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, शेरकोट ( बिजनौर )**

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

पत्रांक 98 (1)/न.पा.प.शेर./2025 दिनांक:- 29.04.2025

समस्त रजिस्टर्ड फर्म स्वामियों/ सम्बन्धित सामग्री विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025-26 के लिए माह 01 अप्रैल, 2025 से 31 मार्च, 2026 तक पालिका की पी.बी.सी. पाईप लाईन/ इन्डिया मार्का II हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री क्रय करना चाहती है, इसके लिए पालिका दिनांक 14.05.2025 को समय अपराहन 03 बजे तक पी.वी.सी. पाईप लाईन/ इन्डिया मार्का II हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री की दरे प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन 04:00 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 13.05.2024 को सायं 04:00 बजे की जायेगी।

1- किसी भी सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जाऐगा।

2- समस्त निविदाएं अथवा किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

3- निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त नियमानुसार स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा।

4- अन्य शर्तें कार्यालय में कार्य दिवसों में देखी जा सकती है।

**पी.वी.सी. पाईप लाईन/ इन्डिया मार्का II हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री हेतु सामग्री निम्न प्रकार-**

| क्र. सं. | सामग्री का नाम | दरे प्राप्त करने हेतु | निविदा फार्म का मूल्य | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 140 m.m. P.V.C. pipe I.S.I. Prakash co. 6kg | दर प्रति | | |
| 2 | 110 m.m. P.V.C. pipe I.S.I. Prakash co. 6kg | दर प्रति | | |
| 3 | 90 m.m. P.V.C. pipe I.S.I. Prakash co. 6kg | दर प्रति | | |
| 4 | 3"x2" reducer p.p. | दर प्रति | | |
| 5 | 3"x2.5" Elbow p.p. | दर प्रति | | |
| 6 | 5"x4" reducer heavy | दर प्रति | | |
| 7 | 4"x3" reducer heavy | दर प्रति | | |
| 8 | 4"x3" Tee heavy | दर प्रति | | |
| 9 | 4" Bend p.p. 90 | दर प्रति | | |
| 10 | 5"x3" Tee heavy | दर प्रति | | |
| 11 | 5" Bend H. Pipe 70 | दर प्रति | | |
| 12 | 5" Bend H. Pipe 90 | दर प्रति | | |
| 13 | 5" Tee heavy | दर प्रति | | |
| 14 | 5" Elbow heavy | दर प्रति | | |
| 15 | 5"x3" reducer | दर प्रति | | |
| 16 | 3" Plug | दर प्रति | | |
| 17 | 4" Plug | दर प्रति | | |
| 18 | 5" Plug | दर प्रति | | |
| 19 | 3" D. Joint with ruber Plug | दर प्रति | | |
| 20 | Solvent | दर प्रति | 1000-00 | 50,000-00 |
| 21 | Dolchi Gun Metal | दर प्रति | | |
| 22 | Chain | दर प्रति | | |
| 23 | Checkwal | दर प्रति | | |
| 24 | Bearing | दर प्रति | | |
| 25 | Connecting Rod. 10" With Socket | दर प्रति | | |
| 26 | Excil | दर प्रति | | |
| 27 | 14" G.I. pipe | दर प्रति | | |
| 28 | 1.4 Socket | दर प्रति | | |
| 29 | Cylender Slip | दर प्रति | | |
| 30 | Cylinder Complete Brass | दर प्रति | | |
| 31 | Bolt With Nut 4 Sut 1.5" | दर प्रति | | |
| 32 | Bolt With Nut 3 Sut 1.5" | दर प्रति | | |
| 33 | Caip India Mark II | दर प्रति | | |
| 34 | Chattu India Mark II | दर प्रति | | |
| 35 | Wallkit India Mark II | दर प्रति | | |
| 36 | Wall India Mark II | दर प्रति | | |
| 37 | 90 m.m. P.V.C. Elbo Kisan | दर प्रति | | |
| 38 | 90 m.m. P.V.C. Tee Kisan | दर प्रति | | |
| 39 | 90 m.m. P.V.C. D. Joint | दर प्रति | | |

नोट- उपरोक्त सामग्री की दरे वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु मान्य होगी एवं आवश्यकतानुसार स्वीकृत दरों पर सामग्री क्रय की जाऐगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**न.पा.प. शेरकोट**
**( बिजनौर )**

**अध्यक्ष**
**न.पा.प. शेरकोट**
**( बिजनौर )**

# वक्फ बिल पर विपक्ष फैलारहा भ्रांतियां: कुंवर बासित अली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** वक्फ सुधार जनजागरण अभियान को जिला कार्यशाला में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष ने वक्फ बिल के नाम पर मुसलमानों को बरगलाने और वक्फ बिल को लेकर भ्रांतियां फैलाने का आरोप लगाया।

भाजपा के एकता विहार स्थित जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यशाला में प्रस्तावना रखते हुए चौधरी हरेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल मुसलमान के हित में है लेकिन विपक्ष द्वारा उन्हें बरगलाया जा रहा है। जबकि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कुंवर बासित अली ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वक्फ संशोधन बिल दोनों सदनों में पास हो गया है। अब बिल् को लेकर विपक्ष भ्रांतियां फैला रहा है विपक्ष के झूठ और ब्रह्मजाल को दूर करने के लिए वक्फ सुधार जन जागरण अभियान प्रारंभ किया गया है। उन्होने कहा कि वक्फ द्वारा पसमांदा मुसलमान, पिछडे वर्ग के साथ हिंदू सिख ईसाई समाज के धार्मिक स्थलों जमीनों पर अवैध कब्जा था। विधेयक से बौखला कर विपक्ष वक्फ जमीनों पर कब्जा बनाए रखने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहा है। सपा और कांग्रेस के घिनोने कृत्य को उजागर करने एवं अल्पसंख्यकों तक सही जानकारी पहुंचाने के लिए वकफ सुधार जन जागरण अभियान प्रदेश स्तर पर चलाए जा रहा है। जिसमें संपर्क संवाद एवं मीडिया सोशल मीडिया के द्वारा वक्फ सुधार अभियान को समाज तक लेकर जाना है। वक्फ संशोधन बिल के नाम पर मुसलमान में जो तरह-तरह की भ्रांतियां विपक्षों द्वारा फैलाई जा रही है वह बिल्कुल गलत है। केवल भारतीय जनता पार्टी ही ऐसी पार्टी है जिसने आज तक किसी जाति विशेष के लिए कोई भी योजनाएं नहीं दी बल्कि हर जाति हर वर्ग के लिए सभी योजनाओं को दिया गया है। जिससे सभी उसका फायदा उठा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी हमेशा सबका विकास सबका साथ सबका विश्वास को मानते हुए कार्य करती है। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने एवं संचालन जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक कमल कुमार कमल ने किया। इस अवसर पर भीष्म शर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव परमेश्वर लाल सैनी डा. नरेंद्र सिंह सुगंधा सिंह हनी यादव हिरदेश यादव इमरान तुर्की जिला अध्यक्ष दानिश अली अल्पसंख्यक मोर्चा गुलजार अहमद मनोज कठेरिया जयप्रकाश गुप्ता मुकुल रस्तोगी सौरभ गुप्ता आकाश अग्रवाल, पंकज गुप्ता, गुलजार, आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**○वक्फ सुधार जनजागरण कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को किया जागरूक**



सम्भल- भाजपा कार्यालय पर वक्फ बिल जनजागरण अभियान में पत्रकारों से वार्ता करते कुंवर बासित अली।

# बिजली न मिलने से फसलें हो रही नष्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन बी आर एस एस के कार्यकर्ताओं ने विद्युत अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौपकर समस्याओं के समाधान की मांग उठाई।

जिला अध्यक्ष कामेन्द्र चौधरी ने कहा कि बिजलीघर लखौरी जलालपुर, सलखना, सिंहपुर सानी, सेहरा उर्फ सैंडा में बिजली आपूर्ति समय से नहीं हो पा रही जिससे कि किसान की फसल नष्ट हो रही है। घरेलू बिजली मीटर गलत बिल निकाल कर आम जनमानस एवं किसानों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं। गलत बिजली बिलों में संशोधन करवाया जाए जिससे कि शोषण रोका जा सके। ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर पोल एवं विद्युत लाइनों को बदलवाया जाए। जिससे कि किसान की फसल को होने वाले नुकसान एवं किसान के साथ होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मिंकू चौधरी, जिला संरक्षक शिव नारायण सैनी, युवा मंडल उपाध्यक्ष अरुण चौधरी, सुभाष चाहल, अनमोल कुमार, कन्हैया प्रजापति, सरदार गुरु वचन सिंह, हेमंत कुमार प्रजापति, नितिन कुमार सतेन्द्र चौधरी, धीरेन्द्र सिंह त्यागी, विकास कुमार, अजय पाल यादव, आयशा राजपूत, अतलेश देवी, कस्तूरी देवी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**○भाकियू बीआरएसएस ने सौंपा एक्सीएन को ज्ञापन**

## गर्म हवा के थपेड़ों से जन जीवन हुआ प्रभावित

**सम्भल।** गर्म हवाओं से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। लू से लोगों का घर से बाहर निकलना दूभर हो गया है। लोग दोपहर में घरों में कैद रहने को मजबूर है।

अप्रैल का माह बीत चुका है। गर्मी ने भी अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। तापमान में दिनों दिन बढ़ोत्तरी होती जा रही है। गर्म हवाएं एवं तपन भरी गर्मी से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित होने लगा है। लोग दोपहर में घरों में कैद रहने को मजबूर है,जबकि गर्मी से कामकाज भी ठप्प हुआ है। भयंकर पड़ती गर्मी से लोगों के मुंह से बरबस यहीं शब्द निकल रहे है कि इस समय गर्मी का आलम यह है कि तो मई-जून में क्या होगा।

# अभिभावकों की बैठक लेकर टीकाकरण को किया संतुष्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नवाब महमूद अंसारी गर्ल्स इंटर कॉलेज में अभिभावकों के सज्ञथ बैठक कर टीकाकरण के महत्व की जानकारी दी गई।

स्कूल परिसर में आयोजित बैठक में विद्यालय के संयोजक सईद अख्तर इसराइली ने अभिभावकों को टीकाकरण को लेकर जागरूक किया। उन्होने विभिन्न बीमारियों की रोकथाम को टीकाकरण कराने के लिए अभिभावकों को प्रोत्साहित किया। साथ ही टीका बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हितकारी है इसकी जानकारी दी। अभिभावकों के पूरी तरह संतुष्ट हो जाने के बाद छात्राओं को टीके लगवाये गए। टीकाकरण में डा. सुनील त्यागी, डा. मनीष अरोड़ा, डा. नीरज शर्मा,, एएनएम किरन, निसार खां, डा. शाकिर मौजूद रहे जबकि प्रधानाचार्य रफत जहां व सईद अख्तर इसराईली ने सहयोग किया। बता दें कि एक दिन पूर्व टीकाकरण को लेकर कुछ भ्रांति के कारण आरोप लगाये गए थे।

**○चिकित्सकों की टीम ने लगाए छात्राओं को टीके**

# भगवान परशुराम ने भीष्म, द्रोण को दी दीक्षा: श्याम

**शाह टाइम्स,संवाददाता**



**बबराला।** नगर के संतोषी माता श्री बॉके बिहारी मन्दिर में पण्डित श्याम बिहारी ने बताया कि महाभारत और विष्णु पुराण के अनुसार भगवान परशुराम का मूल नाम रामथा किन्तु जब भगवान शिव ने उन्हे अपना परशु नामक शस्त्र प्रदान किया तभी से उनका नाम परशुराम हो गया। पितामह भृगु द्वारा सम्पन्न नामकरण संस्कार के अनन्तर राम कहलाए। वह जमदग्नि का पुत्र होने के कारण जामदग्न्य और शिवजी द्वारा प्रदत्त परशु धारण किये रहने के कारण वह परशुराम कहलाये। आरम्भिक शिक्षा महर्षि विश्वामित्र एवं श्रृचीक के आश्रम में प्राप्त होने के साथ ही महर्षि श्रृचीक से शार्ड नामक दिव्य वैष्णव धनुष और ब्रहर्म्षि कश्यपसे विधिवत अविनाशी वैष्णव मंत्र प्राप्त हुआ। तदनन्तर कैलाश गिरिश्रृंग पर स्थित भगवान शंकर के आश्रम में विद्या प्राप्त कर विशिष्ट दिव्यास्त्र विद्युदभि नामक परशु प्राप्त किया। शिवजी से उन्हे श्रीकृष्ण का त्रैलोक्य विजय कवच, स्तवराज स्तोत्र एवं मन्त्र कल्पतरू भी प्राप्त हुए। चक्रतीर्थ में किए कठिन तप से प्रसन्न हो भगवान विष्णु ने उन्हे त्रेता में रामावतार होने पर तेजोहरण के उपरान्त कल्पान्त पर्यन्त तपस्यारत भूलोक पर रहने का वर दिया। वह शस्त्र विद्या के महान गुरू थे। उन्होने भीष्म, द्रोण व कर्ण को शस्त्र विद्या प्रदान की थी। उन्होने कर्ण को श्राप भी दिया था। उन्होने अत्रि की पत्नी अनसूया, अगस्त्य की पत्नी लोपामुद्रा व अपने प्रिय शिष्य अकृतवधा के सहयोग से विराट नारी-जगत-अभियान का संचालन भी किया था। इस दौरान श्रृद्वालु मौजूद रहे।

## नोडल अधिकारी ने लैब को किया सील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** असमोली थाना क्षेत्र के जोया सम्भल मार्ग पर स्थित गांव मातीपुर में नोडल अधिकारी मनोज चौधरी ने मंगलवार को छापा मार करएक पैथोलॉजी लैब व क्लीनिक को सील किया। कार्यवाही से हड़कम्प मच गया।

# अक्षय तृतीया पर हल्के सोने की खरीददारी की आस

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** अक्षय तृतीया (बुध वार) आज मनाई जायेगी। इसे लेकर सर्राफा कारोबारी ने इसकी तैयारी पूर्ण कर ली है। इस दिन लोग सोने के आभूषण खरीदना शुभ मानते हैं। सोने में आई तेजी के चलते बाजार में हल्के वजन के गहनों की मांग ज्यादा है। कानों की झुमकी व बाली से लेकर ब्रांडेड कंपनियों की अगूंठी, चेन, टॉप्स और हार की मांग अधिक होने के चलते व्यवसायी अभी से तैयारियों में जुट गए हैं।

दुकानदारों का मानना है कि सहालग के दौर के बीच अक्षय तृतीया का त्योहार होने के चलते बंपर खरीदारी होगी। इसलिए हर प्रकार के गहनों से दुकानों को सजाया जा रहा है। इसमें हल्के वजन वाले गहनों की मांग सबसे ज्यादा होने के कारण इसी के अनुसार तैयारी भी की जा रही है। सोने की कीमतों में लगातार उतार चढ़ाव जारी है। वर्तमान में 24 कैरेट सोना 98,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से बिक रहा है। कीमतें औसत से अधिक हैं, लेकिन इनमें उतार चढ़ाव काफी हो रहा है। माना जा रहा है कि अक्षय तृतीया पर 24 कैरेट सोने का भाव और अधिक होगा। वहीं, चांदी 99,700 रुपये प्रति किलोग्राम तक बिक रही है। सोने चांदी के कारोबारियों का कहना है कि पिछले दो सालों से अक्षय तृतीया पर खरीदारी का चलन बढ़ा है। लोग सोशल मीडिया को देखकर उसका अनुसरण करते हैं। कभी अक्षय तृतीया पर 50 से 100 ग्राम वजन के सोने के सेट की मांग हुआ करती थी।लेकिन अब दस ग्राम में ही बनी चीजें खरीदी जा रही हैं। अक्षय तृतीया और आगामी शादियों के मौसम को देखते हुए लोग सोने में निवेश बढ़ा रहे हैं। पहले यह अनुमान लगाया जा रहा था कि कीमतों में वृद्धि से खरीदारी पर असर पड़ेगा।बबराला सर्राफा बाजार के सर्राफ राजा गुप्ता ने बताया सोने की महंगाई ने खरीदारों को हल्के सोने के सेट खरीदने के लिए मजबूर कर दिया है। ऐसे में ग्राहक आठ दस ग्राम सोने में टॉप्स और हार तैयार कराते हैं। सर्राफ दिनेश कौशल ने बताया कि लोग भविष्य में मुनाफे की संभावना को देखते हुए लोगों ने सोने में लगातार निवेश किया है, लेकिन आज कल की युवा पीढ़ी हल्के वजन के गहने ही खरीदना पसंद कर रही है। अक्श्र तृतीया पर अच्छे कारोबार की उम्मीद है।

**○इस दिन सोने के आभूषण खरीदना माना जाता है शुभ**



सम्भल। नवाब महमूद गर्ल्स अंसारी इंटर कॉलेज में छात्राओं का टीकाकरण करते चिकित्सकों की टीम।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने लगाई फांसी

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर गुन्नौर में संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंचे महिला के मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को मौके पर बुलाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नगर गुन्नौर में महिला की 12 वर्ष पूर्व शादी हुई थी। 5 वर्ष पूर्व उसके पति की दुर्घटना में मौत हो गई। उसके दो बच्चे एक लड़की एक लड़का हैं। मोहल्ले के लोगों को कहना है महिला ने घर के अंदर ही अपने कमरे में रात्रि में फांसी लगा ली। सुबह घर वालों ने कमरे का दरवाजा खोलकर देखा तो महिला फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। घटना की सूचना फोन पर मायके पक्ष को दी। वह मौके पर पहुंचे।

**○सूचना पाकर मयके पक्ष के लोग भी पहुंचे मौके पर**

## अक्षय तृतीया का है विशेष महत्व

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।**धार्मिक दृष्टिकोण से अक्षय तृतीया सालभर की सबसे शुभ तिथियों में से एक है, जो विशेष रूप से किसी भी मांगलिक कार्य जैसे विवाह,गृह प्रवेश या नए व्यापार की शुरुआत के लिए उपयुक्त मानी जाती है। पण्डित उमाकांत शर्मा ने बताया कि इस दिन सोने की खरीदारी काफी महत्व है। यह दिन विशेष रूप से भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। लोग सोने चाँदी के आभूषण व मूर्तियां खरीदते हैं।

# संगठनात्मक रचनात्मक तरीके से एकजुट होकर करें अच्छे समाज का निर्माण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव की शोभायात्रा समस्त ब्राह्मण समाज की ओर से गवां में आयोजित की गई, जिसका शुभारम्भ भगवान परशुराम के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके रजपुरा गन्ना मिल के प्रबंधक आशीष शर्मा, जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा एवं गिरीराज किशोर ने किया।

शोभायात्रा आनंद वाटिका से प्रारंभ होकर होली चौक, बबराला बस स्टैंड होते हुए हरि बाबा इंटर कालेज मार्ग से आनंद वाटिका पर ही सम्पन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आश्रमानन्द महाराज ने कहा कि आज हमें संगठनात्मक एवं रचनात्मक तरीके से एकजुट होकर अच्छे समाज का निर्माण करना चाहिए जिससे संपूर्ण मानव जाति का विकास हो सके। विश्व ब्राह्मण संघ के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा ने संपूर्ण ब्राह्मण समाज से अपने कर्तव्यों पर चिंतन करने का आहवान किया। संत नरेशानन्द जी महाराज ने ब्राह्मण बंधुओं से राजनीतिक रूप से सक्रिय रहने एवं एकजुट होकर रहने की गुहार लगाई। भगवान परशुराम शोभायात्रा के प्रभारियों ने कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया एवं गवां के प्रत्येक मोहल्ले में भगवान परशुराम की प्रतिमा को भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर अमित शर्मा, हरीश शर्मा, जयदेव भारद्वाज एडवोकेट, अनुराग शर्मा, बनवारी लाल शर्मा, नीरज शर्मा, ललन शर्मा, पंकज शर्मा, नरेंद्र कुमार, लोकेश शर्मा, इंद्रप्रकाश त्रिपाठी, राधेश्याम शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा, दयानिधि शर्मा आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गिरिराज किशोर ने तथा संचालन अनुराग गौड़ एवं ललित भारद्वाज ने किया।

**○हर्षोल्लास से निकाली गई भगवान परशुराम की शोभायात्रा**

# नगर में गूजेंगे भगवान परशुराम के नारे

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** नगर में इस बार अक्षय तृतीया पर्व पर एक अद्भुत आध्यात्मिक भगवान परशुराम की शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शोभायात्रा अक्षय तृतीया को पातालेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई सूर्यकुंड स्थित परशुराम भवन पर सम्पन्न होगी।

भगवान परशुराम प्रकटोत्सव समिति के द्वारा आयोजित होने वाली शोभायात्रा में भगवान परशुराम की सजीव झांकी, गगनभेदी घोष, वैदिक मंत्रों की गूंज, संतों की दिव्य उपस्थिति और भक्तों का उमड़ता जनसैलाब, इस आयोजन को एक ऐतिहासिक रूप दे रहे हैं। न्याय, शौर्य और धार्म के प्रतीकस्वरूप भगवान परशुराम के जीवन मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने का यह उत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की पुनर्प्रतिष्ठा का आयोजन है। शोभायात्रा प्रबंधक प्रभाकर शुक्ला ने बताया कि आयोजन को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। शोभायात्रा प्रभारी एवं चौबीस कोसीय मासिक परिक्रमा समिति के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने विश्वास जताया कि पूरे जिले से हजारों श्रृद्वालु इस यात्रा में भाग लेकर भगवान परशुराम के आदर्शों को आत्मसात करेंगे। इस शोभायात्रा में ऐसी रचना होगी, जिसमें धर्म, संस्कृति, समाज और संकल्प सब कुछ एक साथ प्रवाहित होंगे। स्वागत समिति हेतु शोभित शास्त्री, विशाल शर्मा, मुकेश शर्मा, शंकर शर्मा, को नामित किया गया है जबकि मंच सज्जा हेतु राहुल शर्मा , संजीव शुक्ला, विनीत शर्मा एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था कपिल श्रोत्रिय, आयुष पूठिया, अनुराग शर्मा, अक्षय मोंटी को सौंपी गई है।

**○इस बार अक्षय तृतीया पर निकलेगी शोभायात्रा**





सम्भल। मदरसा हामिदिया अशरफिया में बाल विवाह रोकने को प्रेस कान्फ्रेंस में बोलते इमामे ईदगाह।





सम्भल। भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जयंती पर शोभायात्रा निकालते अनुयायी।

## हजरत नगर गढ़ी पुलिस ने वांछित किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** हजरत नगर गढ़ी थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में वांच्छित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कस्बे के मौहल्ला सादक सराय निवासी नेमवती पत्नी महेन्द्रपाल की सूचना पर दिनेश व पिंटू पुत्रगण रामौतार पर पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौच, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। दोनों वांछितों को उपनिरीक्षक धीरेन्द्र सिंह ने बिलारी तिराहा से गिरफ्तार कर लिया। जबकि संजय गुप्ता के टयूबवैल के कमरे से तूफानी पंखा व एक भगौना चोरी मामले में आरोपी अब्बास अली को दबौचा है।

# बाल विवाह रोकने को धर्मगुरुओं ने भी की अपील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बाल विवाह रोकने के लिए चलाये जा रहे जागरूकता अभियान मे धर्मगुरूओं ने भी बढ़चढ़कर सहयोग करना शुरू कर दिया है। लगातार जनता से अपील और हाथों मे स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर संवाद किया जा रहा है। सम्भल इमामे ईगाह ने भी प्रेस वार्ता करते हुए जागरूकता कार्यक्रम मे प्रतिभाग किया।

मंगलवार को जस्ट राईट फॉर चिल्ड्रेन, प्रयत्न संस्थान के अर्न्तगत बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए जिला कोआर्डिनेटर गौरीशंकर चौधरी के नेतृत्व मे क्षेत्र के तिवारी सराय, मल्ली सराय मे बाल विवाह के लिखाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। इमामे ईदगाह सम्भल अभियान हजरत मौलाना जहीरूल इस्लाम ने मदरसा हामिदिया अशरफिया मे प्रेस वार्ता करते हुए जनता से अपील करते हुए कहा कि कानून का पालन करें और जिस तरह से बाल विवाह कानून के अनुसार अपराध माना गया है तो ऐसा हरगिज न करें। बाल अपराध को रोकने के के लिए इस अभियान मे अपना सहयोग करें। अन्य धर्मगुरूओं ने भी जागरूकता अभियान मे प्रतिभाग करते हुए बाल विवाह रोकने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रयत्न संस्था के फील्ड कोआर्डिनेटर फरजन्द अली वारसी, शिराज अहमद चिश्ती आदि मुख्य रूप से उपास्थित रहे।

**○बाल विवाह अपराध रोकने में करें सहयोग**

## पूर्व उप मुख्यमंत्री आज प्रबुद्ध सम्मेलन में करेंगे सहभागिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सांसद एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा कल आज जनपद के भ्रमण के दौरान पूर्वाह्न 10:15 बजे माँ भगवन्तपुर देवी मंदिर बहजोई कलक्ट्रेट के पीछे भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के अवसर पर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम एवं जनसभा में सहभागिता करेंगे तथा अपराह्न 12 बजे ए. के रिसोर्ट में कार्यक्रम में लेंगे भाग।

# महिला समेत आधा दर्जन वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** अपराधियों वांछितों और वारंटियों की गिरफ्तारी को चल रहे अभियान में पुलिस ने महिला समेत 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई व अपर पुलिस अधीक्षक श्रीशचन्द्र के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार चौधरी व थाना प्रभारी संजीव कुमार के नेतत्व में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण को पुलिस टीम ने वारण्टी जीशान पुत्र मुमताज, फिरोज पुत्र किफायत निवासीगण ग्राम सिकन्दरपुर, न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम में महराब पुत्र बशीर,सरफराज पुत्र महराब, शादाब पुत्र महराब निवासीगण ग्राम घुंघावली, मुकीम पत्नी मेहराब निवासी ग्राम घुंघावली को उसके मकानों से गिरफ्तार किया गया।इस दौरान थानाध्यक्ष संजीव कुमार, उपनिरीक्षक जितिन कुमार, उप निरीक्षक मो नदीम, महिला उप निरीक्षक रितु गिरि,उप निरीक्षक महेंद्र कुमार, उप निरीक्षक कृष्ण कुमार, का. पवन कुमार, का. मौ तहसीन, का. अक्षय सिबाच, का. प्रदीप कुमार, होमगार्ड धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद रहें।

**○गिरफ्तारी को अभियान जारी**

# गुन्नौर में निकली बाबा साहेब की शोभायात्रा

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** गुन्नौर में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया गया। उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया।

मंगलवार को नगर गुन्नौर में विभिन्न प्रकार की झांकियां को शामिल किया गया।झांकियां सदर बाजार,मोहल्ला सराय,मोहल्ला टँकी आदि से गुजरीं।बाबा साहब की शोभायात्रा में सपा नेता अमित यादव नें भी माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस मौके पर चेयरमैन पति धर्मेन्द्र प्रजापति, डा. मुकेश चंद्र, अनेक पाल, बबलू, रवि कुमार, शरद यादव,विकास कुमार, अवधेश, अख्तर अली शमीम अहमद राजपाल सिंह सुनील कुमार सिंह जय सिंह आदि लोग शोभायात्रा में मौजूद रहे।

★शाह टाइम्स★
खबरे छुपाता नही, छापता है।

## सम्बंध-विच्छेद

मैने अपने पुत्र अब्दुल समद से उसके समाज विरोधी चाल-चलन व आये दिन लड़ाई व समाज विरोधी कार्यो से तंग आकर मैने व मेरे परिवार ने अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी सम्बंध विछछेद कर लिये हैं। अब मेरा व मेरे परिवार का अब्दुल समद के किसी कार्य से कोई लेना देना नहीं है। बल्कि वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। मैं व मेरा परिवार किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं होगा।

**मौहम्मद नावेद पुत्र अंसार हुसैन**
नि. 326, हिन्दूपुरा खेड़ा थाना नखासा तह. व जिला सम्भल।

# अवैध प्लॉटिंग पर चला बाबा का बुलडोजर

## मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने लगभग पांच अवैध प्लॉटिंगों पर बुलडोजर चलाकर किया ध्वस्त





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के पाकबड़ा थाना क्षेत्र स्थित मंगलवार को पाकबड़ा के बार्ड नंबर दो अंबेडकर पार्क के पास अवैध प्लॉटिंगो पर मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए नजर आए सभी प्लॉटिंगों की बाउंड्री और कुछ अवैध रूप से बने मकान तोड़े गए प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा मोटी कमाई के चक्कर में सभी नियम व कानून को ठेंगा दिखाकर क्षेत्र में अवैध रूप से बिना सरकारी परमिशन के नियम कानून को थाक पर रकते हुए किसानो की सस्ती जमीन लेकर उन पर प्लाटिंग करके राजस्व विभाग को मोटा चूना लगा रहे हैं कृषि उपयोगी उपजाऊ भूमि पर अवैध रूप से प्लाटिंग का गोरखधंधा जोरों पर चल रहा नगर के साथ ही क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के गोरख धंधे में संलिप्त सभी प्रॉपर्टी डीलर बिना किसी सरकारी अनुमति के कृषि उपजाऊ भूमि पर अवैध रूप फ्लोटिंग कर देते हैं और मोटी रकम कमाते हैं प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा गरीबों को काफी नुकसान का सामना झेलना पड़ता है इस समय नगर व क्षेत्र का आलम यह है कि किसानों को पैसे का लालच देकर प्लाटिंग के धंधेबाज उपजाऊ भूमि को खरीदने में लगे हुए हैं। ओर सोर से कृषि भूमि को प्लॉटिंग मे बदल देते है क्षेत्र में प्लॉटिंग इतनी तेजी सेचल रहे है कोई अंदाजा भी नही लगा सकता प्लाटिंग का गोरख धंधा चर्म सीमा पर चल रहा है जिसका कोई अनुमान भी नही लगा सकता कुछ समय तक यदि यही हालत रहे तो कृषि भूमि प्लाटिंग की भेंट चढ़ती जाएगी की और इसके चलते भविष्य में खाद्यान्न पर गंभीर संकट पैदा होने की संभावना है यह अवैध प्लाटिंग के धंधेबाज ग्राहकों को लुभाने के लिए सड़क बिजली पानी की व्यवस्था बता कर अधिक दामों पर बेच देते है। प्रॉपर्टी डीलरों ने भोले भाले लोगों अपने माया जाल में फंसा रहे है। हालांकि प्रशासन ने प्लाटिंग के नियम भी निर्धारित कर रखे है इसके तहत प्लाटिंग के पहले भूखंड का नक्शा पास कराना व प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य होता है वही प्रॉपर्टी डीलरों के पास लाइसेंस भी होना जरूरी है लेकिन इस क्षेत्र में यह सारे नियम धूल चाटते नजर आ रहे हैं। अंबेडकर पार्क के साथ वार्ड नंबर एक को जाने वाले रास्ते पर कई जगह अवैध प्लाटिंग को भी ध्वस्थिकरण किया गया है मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की यह बड़ी कार्यवाही बताई जा रही है यह प्लॉटिंग लगभग पांच जगह अलग अलग चल रही है जानकारी के अनुसार यह प्लॉटिंग लगभग साट बीघा बताई गई है सूत्रों के मुताबिक बताया जा रहा है कि इसी अंबेडकर पार्क के आसपास कुछ डीलरों ने सरकारी जमीन को ही प्लॉटिंग मे बेच डाला है इस प्लॉटिंग पर पहले भी कार्यवाही की जा चुकी है यह सरकारी जमीन है इस प्लॉटिंग पर कुछ लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उठा कर मकान भी बना रखे है इन पर भी बड़ी कार्रवाई होने की संभावना है मुरादाबाद विकास प्राधिकरण यह कार्यवाही आगे भी इसी तरह चलती रहेगी।

## एक नजर

### डॉ. शायगान ईएएसडी की परीक्षा उतीर्ण कर यूरोप से लौटे, हुआ भव्य स्वागत

**बिलारी।** नगर के युवा डॉ मौ० शायेगान का चयन मधुमेह के क्षेत्र में यूरोप के वियेना, ऑस्ट्रिया मैं हुआ था। आपको बता दें कि इस कान्फ्रेंस परीक्षा हेतु दुनिया भर के डॉक्टरों का आवेदन आता है जिसमे भारत से मात्र पाँच डॉक्टरों का ही चयन हुआ जिसमें हमारे क्षेत्र के होनहार डॉक्टर शायगान का चयन हुआ जो कि पूरे बिलारी एवं जिला मुरादाबाद के लिए गौरव की बात है। डॉक्टर मौ० शायेगान पिछले ५ख६ सालों से मधुमेह



एवम् हृदय रोग के क्षेत्र मैं अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने एमबीबीएस एमडी अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालया से की और एम्स (ऑल इंडिया) जैसे संस्थान से सीनियर रेजिडेंसी की वा अन्य बड़े अस्पतालों से ट्रेनिंग ली। डॉ शायगान का मैक (म्नतवचमंद ेवबपंजपवद वित जीम जनकल व िक्पंइमजमे) संस्था के अंतर्गत चयन हुआ था। इसमें दुनिया की विख्यात डॉ जूलिया मदर (एंडोक्राइनॉलॉजिस्ट) मुख्य रूप से संस्था की कॉर्डिनेटर रहीं। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम को पूरा करने के बाद डॉ शायगान ने इसको उत्तीर्ण किया जो कि पूरे बिलारी एवं जिला मुरादाबाद के लिए गौरव की बात है। जिसके उपरान्त वापसी पर डॉ शायगान का जोरदार स्वागत हुआ व मिठाई खिलाई गयी।

### लापता युवक की गुमशुदी की रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** 12 दिन से लापता युवक की पुलिस ने भाई की तहरीर पर गुमशुदी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। कोतवाली क्षेत्र के गांव रतुपुरा निवासी मुकेश कुमार पुत्र गंगाराम सैनी ने पुलिस को दी शरीर में कहा कि उसका छोटा भाई 18 वर्षीय सुकलेश कुमार 18 अप्रैल की दोपहर 1.00 बजे अचानक घर से गायब हो गया। शाम तक उसके आने का इंतजार किया। देर शाम तक घर वापस ने लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। लेकिन वह कहीं नहीं मिला। बड़े भाई ने शरीर में कहा है कि उसका छोटा भाई दिमागी हालत से कमजोर है। काफी समय से दवाई भी चल रही है। लेकिन अब पहले से ठीक है। सभी रिश्तेदारियों में उसकी तलाश की ने मिलने पर पीडित की तारीफ पर पुलिस ने गुमशुदी की रिपोर्ट दर्ज करजांच शुरू कर दी।



### भगवान परशुराम के बताए मार्ग ऊपर चलने की अपील

**ठाकुरद्वारा।** नगर के बड़ा बाजार स्थित खाकेश्वर मंदिर पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। मंगलवार को मंदिर परिसर में ब्राह्मण समाज के लोगों ने एकत्र होकर हवन पूजन यज्ञ का आयोजन किया। इसी दौरान यज्ञ में पूर्ण आहुति देकर अपने घर परिवार की सुख स्मृति की प्रार्थना की। इस दौरान भजन कीर्तनों का भी आयोजन हुआ। किस दौरान वक्ताओ ने भगवान परशुराम के बताए मार्गों पर चलने का आह्वान किया। और उनके जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला। आरती के पश्चात प्रशांत वितरण का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंडित अनुज शर्मा, सब इंस्पेक्टर बलराम दीक्षित, राजेंद्र चंद्र पांडे, सुनील पुठिया, आशिष मिश्रा, शरद पूठिया, राजेंद्र शर्मा, एलू शर्मा, दीपक शर्मा, पालिका संभासद अंकित शर्मा, रितेश शर्मा आदि मौजूद रहे।



### चार मई को विशेष शिविर का आयोजन

**मुरादाबाद।** उप जिलाधिकारी बिलारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि 70 वर्ष से ऊपर के व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने एवं पात्र नागरिकों की वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिलाओं की विधवा पेंशन एवं दिव्यांगजन पेंशन बनाये जाने हेतु दिनांक 04.05.2025 (रविवार) को प्रात: 8:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक एक विशेष शिविर का आयोजन कार्यालय नगर पालिका परिषद बिलारी में आयोजित किया जायेगा। शिविर में प्रभारी चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिलारी, खण्ड विकास अधिकारी बिलारी, समस्त राजस्व निरीक्षक/लेखपाल क्षेत्र बिलारी की उपस्थित अनिवार्य है। चूंकि पेंशन के आवेदन पत्र हेतु आय प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है जिसको 7 कार्य दिवसों में निर्गत किए जाने का प्रावधान है। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारी/कर्मचारी से अनुरोध किया कि शिविर में नियत स्थान, तिथि एवं समय पर उपस्थित रहने का कष्ट करें।

## तीन तलाक और महिला उत्पीड़न के मामले में एसएसपी के आदेश से मुकदमा दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** महिला की शिकायत पर एसएसपी के आदेश से ससुराल वालों के खिलाफ तीन तलाक और उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है उमरी कला के मोहल्ला विद्या शाह निवासी शहनाज पुत्री मौ हसन का निकाह सलीम पुत्र रईसउध्द्दीन नि मौहल्ला विध्द्याशाह कस्बा ऊमरी कलां के साथ 13 वर्ष पूर्व हुआ था।

पति सलीम पुत्र रईसउध्द्दीन व नासिर पुत्र छिदू, शब्बो पत्नी नासिर व अदीशा पत्नी नाजिम नन्द उसके साथ आये दिन अत्याचार व मारपीट करते और दो लाख रूपये की मांग करते आ रहे थे। करीब एक वर्ष पूर्व सलीम पुत्र रईसउध्द्दीन ने उक्त लोगों के कहने से उसके पिता से एक लाख रुपये उधार लेकर पांच माह बाद रूपये देने का वायदा किया था, लेकिन उसने पिता के रूपये नहीं लौटाए पति सलीम पुत्र रईसउद्दीन, नासिर पुत्र छिदू फुफेरा जेठ, शब्बो पत्नी नासिर फुफेरी जेठानी व अदीशा पत्नी नाजिम ने लाठी डण्डो व बेल्टों से काफी मारा पीटा और जान से मारने की नियत से उसके ऊपर पैट्रोल उड़ेल दिया और माचिस की तिल्ली से आग लगाकर जान से मारने की कोशिश की, बच्चों की चीख पुकार पर मौहल्ले के हसीन पुत्र अमानत व वसीम पुत्र नसीमुद्दीन मौ हसन पुत्र शमीम ने वामुश्किल उक्त लोगों से बचाया, इससे नाराज पति सलीम पुत्र रईसउध्द्दीन ने एक बार में तीन तलाक दे दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## जीईओ एआई में करियर और अनुसंधान की अपार संभावनाएं

### तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में इसरो एनआरएससी के निदेशक डॉ. प्रकाश चौहान ने जीईओ एआई पर दिया गेस्ट लेक्चर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के इंजीनियरिंग संकाय की ओर से सैटेलाइट इमेज एनालिटिक्स के लिए जीईओ एआई पर आयोजित गेस्ट लेक्चर में एनआरएससी-इसरो, हैदराबाद के निदेशक डॉ. प्रकाश चौहान ने डिजिटल इमेज प्रोसेसिंग, एआई और रिमोट सेंसिंग तकनीकों में नवीनतम शोध, अत्याधुनिक उपकरणों और उनके अनुप्रयोगों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने जीईओ एआई में बढ़ते करियर और अनुसंधान के अवसरों पर भी प्रकाश डाला। इससे छात्रों को इस गतिशील क्षेत्र में संभावनाओं की खोज के लिए प्रेरणा मिली। उल्लेखनीय है, डॉ. प्रकाश चौहान रिमोट सेंसिंग और सैटेलाइट इमेज एनालिटिक्स के क्षेत्र में भारत के प्रमुख वैज्ञानिकों में से एक हैं। डॉ. चौहान की स्पष्ट व्याख्या और वास्तविक जीवन के उदाहरणों ने जटिल विषयों को सभी प्रतिभागियों के लिए सरल और रोचक बना दिया। व्याख्यान के बाद एक इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. आरके द्विवेदी ने सभी मेहमानों और प्रतिभागियों का धन्यवाद देते हुए उम्मीद जताई, इस व्याख्यान से छात्रों और शिक्षकों को जीईओ एआई के उभरते क्षेत्र की गहरी समझ विकसित होगी। जीईओ एआई भू-स्थानिक डेटा को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ एकीकृत करता है ताकि सैटेलाइट छवियों की उन्नत प्रोसेसिंग और विश्लेषण किया जा सके। कार्यक्रम में डॉ. गुलिस्ता खान के संग-संग विभिन्न विभागों के छात्रों और फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया। संचालन बीसीए के छात्र आशीष और प्रत्यक्षा ने किया।



# खलीलुर्रहमान आजमी की अदबी खिदमात पर सेमिनार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जन्नत निशा स्कूल पीर गैब मुरादाबाद में उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी लखनऊ के माली तावुन से बाबुल फलाह एजुकेशनल सोसाइटी के द्वारा खलीलुर रहमान आजमी की अदबी खिदमात पर एक सेमिनार मुनकिद हुआ प्रोग्राम सुबह 10:00 बजे आरंभ किया गया। जिसमें शीर्षक से संबंधित अनेक उर्दू के विद्वानों ने सार गर्भित और मालूमात अफजा मकाले पेश किये खलीलुर रहमान आजमी की अदबी खिदमात पर शहर मुरादाबाद की सभी बड़ी हस्तियों ने शिरकत की। साथ ही रामपुर से आए बहुत से श्रोता और मकाला निगारों ने उनकी शायरी के हवाले से अपने अमूल्य खयालात का इजहार किया। डॉक्टर मोहम्मद इलियास ने दयारे शिबली का होनहार कलमकार खलीउर रहमान आजमी के उनवान से बहुत अच्छा मकाला पेश किया जिसमें उन्होंने आजमी साहब के इल्म व फन और उनके कलम से निकली जादू से भारी कृतियों को एक लड़ी में बहुत ही फनकार दक्षता से पिरोया और श्रोताओं की एक बड़ी संख्या को उनके विषय में अधिक जानने का अवसर दिया। मारूफ शायर तहसीन मुरादाबादी ने खलील उर रहमान आजमी की हयात व खिदमत के उनवान पर संक्षिप्त मजनून पेश किया उन्होंने खलील साहब की जिंदगी के अनेक गोशो पर प्रकाश डालकर श्रोताओं की तवज्जेह को अपनी ओर आकर्षित कर लिया। उर्दू स्कालर राबिया हामिद ने खलील उर रहमान आजमी की हयात के मुख्तलिफ पहलू,श्श शीर्षक पर बहुत बेहतरीन और ज्ञानवर्धक मकाला पढा। मकाला निगार अनम फातिमा ने खलीलुर रहमान आजमी की नजम निगारी पर रोशनी डालते हुए उनकी सभी नज्मों का अहाता किया और उनकी कुछ नज्में सेमिनार में पढी। जिन से सामाईन बहुत आनंद आया और उनकी नजम निगारी के फन में दक्षता का पता चला उनकी नजमो में एक नज्म कतबा श्रोताओं को बहुत पसंद आई। नात मुबारक पेश करके महफिल को मजीद नूर बखशा नात पाक के बाद मशहूर शायर सलीम मुरादाबाद के पुत्र मोहम्मद फिरोज खान साहब ने खलील उर रहमान द्वारा रचित नात पाक तरन्नुम के साथ पेश की। जिससे महफिल में मौजूद सभी लोग मसहूर हो उठे। सेमिनार की अध्यक्षता कर रहे श्री इश्तियाक आलम आजमी प्रिंसिपल मुरादाबाद मुस्लिम डिग्री कॉलेज मुरादाबाद ने अपने बेश कीमत ख्यालात से हम आहंग किया इश्तियाक आलम आजमी खलील उर रहमान आजमी की सर जमीन से ताल्लुक रखते हैं और उनके व्यक्तित्व से बहुत मुताससिर है। इश्तियाक आलम साहब ने खलील साहव की जिंदगी पर प्रकाश डालते हुए अपने संबंधों के विषय में भी बताया ।उनकी साहित्यिक सेवाओं को सरा. हते हुए उन्हें उर्दू का बेहतरीन अदीब कहां। साथ ही उन्होंने डॉक्टर जेबा नाज को इस विषय के चयन के लिए मुबारकबाद भी दी।उन्होंने मकाले के अनेक रमूज व निकात के विषय में भी बताया। सेमिनार की संचालिका डॉक्टर जेबा नाज असिस्टेंट प्रोफेसर उर्दू गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज के कुशल संचालन की सभी ने बहुत प्रशंसा की। कार्यक्रम में उपस्थित नदीम राई मुरादाबादी ,इंजीनियर मोहम्मद फारूक, मोहम्मद आसिम, मोहम्मद आदिल, श्री मोहम्मद फरहान , श्री मुदस्सिर अनवर ,शायर मुरादाबादी इत्यादि ने भी अपने विचार प्रकट किए। तथा खलील उर रहमान आजमी को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रोग्राम के अंत में श्री जीविकार अहमद ने सभी अतिथियों का शुक्रिया अदा किया तथा उन्हें भोजन पर आमंत्रित किया।



अब्दुल्लाह ने तिलावत ए कलाम पाक से महफिल का आगाज किया मशहूर शायर श्री जफर मुरादाबादी ने आस्ताना ए रसूले पाक पर हदिया ए

# टीएमयू में महाभारत विषय पर क्विज प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र और तीर्थंकर महावीर इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी (टीएमआईएमटी-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट) के संयुक्त तत्वावधान में ''महाभारत'' विषय पर एक विशेष क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को विद्यार्थियों में पुन: जाग्रत करने तथा पौराणिक ग्रंथों के प्रति उनकी जिज्ञासा को बढ़ाने के उद्देश्य से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई, जिससे संपूर्ण वातावरण में एक आध्यात्मिक और संस्कारित ऊर्जा का संचार हुआ। कार्यक्रम का संचालन भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र की समन्वयक डॉ. अलका अग्रवाल और प्रोफेसर विपिन जैन (डीन, फेकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया, जबकि मंच संचालन की जिम्मेदारी तीर्थंकर महावीर विश्व. विद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र की सहायक प्रोफेसर डॉ. अमीषा सिंह ने सफलता पूर्वक निभाई। इस अवसर पर प्रोफेसर विपिन जैन को भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र की समन्वयक डॉ. अलका अग्रवाल द्वारा बुके भेंट कर सम्मानित किया गया।



भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र की समन्वयक डॉ. अलका अग्रवाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि, महाभारत जैसे ग्रंथ केवल पौराणिक आख्यान नहीं हैं, बल्कि ये जीवन प्रबंधन, नीति, और नैतिकता के महान ग्रंथ हैं। इनमें वर्णित घटनाएं, संवाद और निर्णय हमें यह सिखाते हैं कि कठिन परिस्थितियों में भी सही मार्ग कैसे चुना जाए। आज की युवा पीढ़ी के लिए यह ग्रंथ न केवल ऐतिहासिक ज्ञान का स्रोत हैं, बल्कि यह उनके व्यक्तित्व निर्माण और निर्णय लेने की क्षमता को भी मजबूत करने में सहायक हो सकते हैं। प्रतियोगिता में कुल चार राउंड रखे गए, जिनमें बहुविकल्पीय प्रश्न, रैपिड फायर राउंड और वीडियो विजुअल आधारित प्रश्न शामिल थे। प्रतिभागियों से महाभारत के पात्रों, घटनाओं, नीति-विचारों और विविध तथ्यों से संबंधित प्रश्न पूछे गए।

इसके साथ-साथ ऑडियंस से भी प्रश्न पूछे गए, जिससे कार्यक्रम और भी रोचक हो गया। ष्इस रोचक एवं ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता में टीम 'सी' जिसमे बी.कॉम ऑनर्स के छात्र और छात्रा काव्या मित्तल, श्रद्धा रस्तोगी और आस्था गुप्ता ने 220 में से 190 अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया और प्रथम विजेता घोषित हुई। विजेता टीम को प्रोफेसर विपिन जैन के कर-कमलों द्वारा ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य प्रतिभागी टीम 'ए', 'बी' और 'डी' को भी सहभागिता हेतु प्रमाणपत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। प्रतियोगिता के आयोजन ने विद्यार्थियों में भारतीय ग्रंथों के प्रति रुचि और समझ को बढ़ावा देने का कार्य किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रशासन, शिक्षकगण और छात्रों की उपस्थिति ने आयोजन को सफल और यादगार बना दिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें आयोजकों, प्रतिभागियों और समस्त सहयोगी इकाइयों के योगदान की सराहना की गई। इस अवसर पर डॉ. विवेक पाठक, डॉ. अमीषा सिंह, श्री अर्पित चौधरी एवं श्रीमती ज्योति शर्मा की उपस्थिति रही। साथ ही बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी०डि०) महोदय, मुरादाबाद**
**विविध वाद सं.:** 132/2025
**तारीख पेशी:** 02.05.2025
**नितिन खण्डेलवाल बनाम कमल खण्डेलवाल आदि।**

नितिन खण्डेलवाल उम्र करीब 48 वर्ष पुत्र स्व. दिनेश चन्द्र खण्डेलवाल निवासी 31-ए, खण्डेलवाल भवन, सिविल लाइन, फूस वाली कोठी के सामने, तहसील व जिला मुरादाबाद-**वादी।**

**प्रति**

1. श्रीमती कमल खण्डेलवाल उम्र करीब 72 वर्ष पत्नी स्व० दिनेश चन्द्र खण्डेलवाल निवासी 31-ए, खण्डेलवाल भवन, सिविल लाइन, फूस वाली कोठी के सामने, तहसील व जिला मुरादाबाद, 2. श्रीमती रितू गुप्ता उम्र करीब 50 वर्ष पुत्री स्व० दिनेश चन्द्र खण्डेलवाल पत्नी विवेक गुप्ता निवासी फ्लेट नम्बर 703, प्लॉट नम्बर 7, जीएच ग्रीन बुड कॉपरेटिस हाउसिंग सोसाइटी, सेक्टर 47, गुरूग्राम, हरियाणा। 3. जनता आम- **प्रतिवादी गण।** इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा **नितिन खण्डेलवाल** हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा **नितिन खण्डेलवाल** मुसबफा **दिनेश चन्द्र खण्डेलवाल** अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू. 16,02,939/- हरगाह मुसम्मा **नितिन खण्डेलवाल** ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 02 मास 05 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**मुन्सरिम**
**न्यायालय सिविल जज (सी०डि०), मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र मौ. सादिक को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मौ. सादिक द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेन-देन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **मौ० शकील पुत्र मौ० हुसैन निवासी मौहल्ला करूला, जाहिद नगर, गली नं०-09 थाना कटघर, जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र निजाम व पुत्रवधू श्रीमती नसरीन को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेन देन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **मोहम्मद यासीन पुत्र बन्ने व श्रीमती अकबरी पत्नी मोहम्मद यासीन निवासीगण ग्राम मंगूपुरा, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र सुहैब को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **मोहम्मद आजम पुत्र मोहम्मद खुर्शीद व श्रीमती चांदनी पत्नी मोहम्मद आजम निवासीगण मकान नंबर 941 गली नंबर 3 नियर सिद्दीकी मस्जिद मीना नगर जयंतीपुर, जिला मुरादाबाद।**

**खोया-पाया सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मकान B-816 स्थित लाजपत नगर नियर पुलिस चौकी का मूल बयनामा जिसका बही संख्या-1, जिल्द संख्या 3788, पृष्ठ 191/210, क्रमांक 1424, रजिस्टर्ड दिनांक 13.2.2003, जिसकी सूचना थाना कटघर को दी जा चुकी है, जिसका जीडी नंबर-056 जीडी दिनांक 29.4.25 है, वास्तव में कहीं खो गया है, जिसका प्रयोग अवैध होगा। इमरान उमर पुत्र स्व: मौ. उमर निवासी B-816 लाजपत नगर नियर पुलिस चौकी, थाना कटघर, मुरादाबाद। **Mob. 9136336323**

